an>

Title:Regarding need to set up a Mega Food Park and Food Processing Unit in Rajgarh district of Madhya Pradesh.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : राजगढ़ जिला (मध्य प्रदेश) मुख्यतः कृÂिा प्रधान जिला है। यहां की तकरीबन 70 प्रतिशत आबादी कृÂिा पर आधारित है जिसकी आय का मुख्य स्रोत कृÂिा कार्य है। राजगढ़ जिले में गेहूँ, चना, मक्का, प्याज, लहसुन, आदि की खेती की जाती है। साथ ही साथ इस जिले में सोयाबीन, धनिया, संतरा, आंवला एवं सीताफल आदि की खेती भी प्रमुखता से की जाती है। यहां के कृÂिा उत्पादों की पूरे देश में आपूर्ति की जाती है किन्तु इन उत्पादों के उचित रख-रखाव और संग्रहण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अधिकांशतः फसल बर्बाद हो जाती है जिससे किसानों का काफी नुकसान होता है।

राजगढ़ जिले में अगर मेगा फूड पार्क व फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना कर दी जाए तो हमारे अन्नदाता किसान भाईयों को उनकी मेहनत का पूरा लाभ तो मिलेगा ही, कृÂिा उत्पादों का नुकसान होने से भी बचाया जा सकेगा। इसके साथ ही विभिन्न कृÂिा उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से देश और विदेशों तक आसानी से एवं सुरक्षित रूप से निर्यात हो सकेगा और क्षेत्र के गरीब किसानों को उनकी पैदावार का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

राजगढ़ जिले में मेगा फूड पार्क एवं प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना से सिर्फ किसानों और कृÂिा कार्य में संलिप्त लोगों को ही लाभ नहीं मिलेगा बल्कि यहाँ के अन्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और रोजगार का सृजन होगा। यहां के ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का पलायन, रोजगार न होने के कारण होता है। मेगा फूड पार्क की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को प्रभावी तरीके से रोका जा सकेगा। साथ ही, हमारी सरकार को खेती के व्यवसाय को लाभप्रद बनाने एवं अंतिम व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने का उद्देश्य भी सार्थक होगा।